| |
|---|
| दिनांक 12.01.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 18/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## "सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संघ" (RESPOA) उ0प्र0 का अधिवेशन

आज दिनॉकः 12.01.2025 को **"सेवा निवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संघ"** (RESPOA) उ0प्र0 का अधिवेशन पुलिस आफिसर्स मेस, सप्रु मार्ग लखनऊ के सभागार में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के दौरान 85 वर्ष से अधिक उम्र के तीन सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई0पी0एस0 अधिकारी 1–श्री विजय शंकर माथुर (पूर्व पुलिस महानिदेशक उ0प्र0) 2–श्री जी0बी0एस0 सिद्धू (पुलिस महानिदेशक) 3–श्री के0एन0 राय (पुलिस उपमहानिरीक्षक) को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

**श्री प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई0पी0एस0 अधिकारी को उनके 85 वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी गयी तथा अपने उदबोधन में कहा कि उ0प्र0 पुलिस द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए **"Beyond the badge" नामक पॉडकास्ट** के श्रृंखला की शुरूआत की गयी है, इस एपिसोड में सेवाकाल के अनुभव एवं संस्मरण को पॉडकास्ट के माध्यम से प्रसारित किया जायेगा। इस पॉडकास्ट को उ0प्र0 पुलिस के यूट्यूब चैनल एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से देखा जा सकता है। एक पुलिस अधिकारी के द्वारा अपने सेवाकाल में विभिन्न चुनौतियों का कैसे सामना किया जाता हैं, कठिन परिस्थितियों में भी कानून–व्यवस्था बनाकर कैसे आमजन की सेवा व सुरक्षा की जाती हैं तथा व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन के मध्य कैसे संतुलन स्थापित किया जाता है, यह बताने के लिए उक्त पॉडकास्ट अत्यंत उपयोगी माध्यम साबित होगा। यह पहल उ0प्र0 पुलिस और आमजन के बीच में आपसी विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त लखनऊ, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, "सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संघ" (RESPOA) उ0प्र0 के अध्यक्ष, महासचिव सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।











| दिनांक 12.01.2025 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 19/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ: पंचम् स्थापना दिवस

**मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी** के दूरदर्शी निर्णय से लखनऊ में 13 जनवरी 2020 को पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली की शुरुआत हुई। यह कदम उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और नागरिकों को त्वरित, प्रभावी एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग का अनुभव कराने के उद्देश्य से उठाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के **मुख्य अतिथि श्री प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** रहें। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा स्मृति चिन्ह भेट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा पंचम स्थापना दिवस के अवसर पर कमिश्नरेट लखनऊ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके समर्पण, निष्ठा और कठिन परिश्रम के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है क्योकि पाँच वर्ष पहले मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 के निर्देशन में पुलिस कमिश्नरेट की स्थापना करते हुए उ0प्र0 के पुलिस व्यवस्था में नया अध्याय जोडा गया था। इस यात्रा की शुरूआत से लेकर अब तक हमने अपार सफलताएं प्राप्त की है। शहर की बढ़ती जनसंख्या, बढ़ते अपराध और शहर के विकसित होते हुए ढांचे को ध्यान में रखते हुए पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिकों के प्रति जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट प्रणाली सर्वप्रथम लखनऊ और नोएडा मे एक साथ लागू की गयी। आज, जब हम इन पाँच वर्षों की यात्रा पर नज़र डालते हैं, तो पाते हैं कि पुलिस कमिश्नरेट के रूप में लखनऊ पुलिस द्वारा कई सराहनीय कार्य किये गये है।

पुलिसिंग एक निरंतर विकासशील प्रक्रिया है। हमें अपनी रणनीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। यह आवश्यक है कि हम अपराध, विशेषकर साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध और अन्य चुनौतीपूर्ण स्थितियों का सामना करने के लिए निरंतर अपनी क्षमताओं को अपग्रेड करें।

हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए यह आवश्यक है कि हम उन्हें आधुनिक पुलिसिंग के तरीकों से अवगत कराएं, ताकि वे और अधिक जिम्मेदारी से समाज की सेवा कर सकें। इसके लिए आवश्यकता है, हमें लगातार अपनी रणनीतियों में सुधार करना होगा। यह तभी संभव है जब हम हमेशा अपने कार्यों में नवाचार, ईमानदारी और कड़ी मेहनत को प्राथमिकता दें।

अंत में, मैं सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिन्होंने लखनऊ कमिश्नरेट की सफलता में अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से योगदान दिया है। इस यात्रा को आगे बढ़ाने में आपका योगदान अनमोल है। हम सभी मिलकर लखनऊ को एक सुरक्षित, समृद्ध और आदर्श शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

स्थापना दिवस के अवसर पर कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा बड़े खाने का भी आयोजन किया गया

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ सहित कमिश्नरेट लखनऊ के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की वर्ष 2024 की उपलब्धियाँ

बीते पांच वर्षों में पुलिस कमिश्नरेट ने न केवल अपराध पर लगाम लगाई बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का नया वातावरण भी तैयार किया। विगत वर्ष में 2024 पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की हासिल उपलब्धियाँ निम्नवत है-

- **ऑपरेशन कन्वेंशन के तहत 329 दोषियों को सजा दिलाने में सफलता पाई।**
- **जीरो टॉलरेंस की नीति से नागरिकों के बीच सुरक्षा का भरोसा बढ़ाया।**
- **गैंगस्टर एक्ट के तहत 201 अपराधियों को गिरफ्तार कर 01 अरब से अधिक की संपत्तियां जब्त की गईं।**
- **जघन्य अपराधिक मामलों में त्वरित अनावरण कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।**
- **साइबर अपराधों से संबधित कुल 123 साइबर ठग/जालसाज अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुये कुल 01 अरब 26 करोड़ 10 लाख रूपये पीड़ितों को वापस कराये गये।**
- **यातायात प्रबंधन में सुधार के लिए विभिन्न प्रमुख चौराहों पर विभिन्न नवीनतम प्रयोग करते हुये ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान किया गया।**
- **अवैध वाहनों एवं यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 लाख से अधिक चालान और 2810 वाहन सीज किए गए।**
- **गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 319 अभियुक्तों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई।**
- **शातिर अभियुक्तो के विरुद्ध एन.एस.ए. के तहत कठोरतम कार्यवाही।**
- **यूपी 112 द्वारा रिस्पांस टाइम 15 मिनट से घटा कर 10 मिनट किया गया जिससे किसी घटना या मदद में जनपदवासियों को मिली सहूलियत।**
- **ग्राम चौपाल/ऑपरेशन सवेरा/ मॉर्निंग वॉक पुलिसिंग कर व वरिष्ठ नागरिकों घर-घर जाकर संवाद स्थापित कर दिलाया जा रहा सुरक्षा का एहसास।**
- **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से यातायात नियमों, साइबर अपराधों से बचाव, फेक न्यूज व आदि प्रकार से निरन्तर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान**

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने वर्ष 2024 में अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय कार्य किए। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के नेतृत्व और संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) बबलू कुमार, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) अमित वर्मा और पांचों जोन के डीसीपी पूर्वी, डीसीपी पश्चिमी, डीसीपी उत्तरी, डीसीपी मध्य, तथा डीसीपी दक्षिणी के निर्देशन में पुलिस ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है।

लखनऊ पुलिस ने अपनी त्वरित कार्रवाई और ऑपरेशन कन्वेंशन के तहत 329 दोषियों को सजा दिलाने में सफलता पाई। गंभीर अपराधों, साइबर धोखाधड़ी, हत्या, डकैती और अपहरण जैसे मामलों में पुलिस की तत्परता और प्रतिबद्धता ने अपराधियों के मंसूबों को ध्वस्त किया। गैंगस्टर एक्ट और गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 49 मामले दर्ज करते हुए 201 अपराधियों को हिरासत में लिया गया। वहीं, एक अरब से अधिक की संपत्तियां जब्त की गईं।

यातायात प्रबंधन में भी पुलिस ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। आईटी चौराहा, स्मृति वाटिका, निशातगंज पुल, और वारलेस चौराहा जैसे क्षेत्रों में यातायात सुधार के लिए नई रणनीतियां लागू की गईं। अवैध वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लाखों चालान और 2810 वाहनों को सीज किया गया। इन प्रयासों ने शहर के ट्रैफिक संचालन को अधिक सुगम और व्यवस्थित बनाया।

वर्ष 2024 में लखनऊ पुलिस ने अपराध और अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। इन प्रयासों ने जहां अपराधियों के हौसले पस्त किए, वहीं शहरवासियों के बीच सुरक्षा का भरोसा मजबूत किया। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट एक बार फिर नये साल में नागरिकों की सुरक्षा तथा अपराध एवं अपराधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर चलने को कृत संकल्पित है।

- **वर्ष 2024 में लखनऊ पुलिस द्वारा किये गये प्रमुख सराहनीय कार्य निम्नवत है:-**

I. थाना मलिहाबाद पुलिस टीम द्वारा 06 घण्टे के अन्दर पत्नी ने अपने प्रेमियों के साथ मिलकर की पती की हत्या के आरोपीगणों को किया गया गिरफ्तार।

II. थाना बिजनौर पुलिस द्वारा मात्र 04 घंटे के अन्दर ट्रिपल मर्डर के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

III. थाना चिनहट की पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ मे 24 घंटे के भीतर बैंक चोरी का खुलासा, पुलिस मुठभेड़ में 01 अभियुक्त की मृत्यु व 04 अभियुक्तों गिरफ्तार किया गया।

IV. थाना चिनहट पुलिस टीम द्वारा डिलीवरी ब्वाय का अपहरण करके हत्या करने के आरोपी 01 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

V. थाना चिनहट व थाना गोमतीनगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा डकैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर डकैतों/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

VI. थाना चिनहट की पुलिस टीम द्वारा महिला की हत्या को दुर्घटना के स्वरूप दिखाने वाले 03 शातिर हत्यारोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

VII. थाना गोमतीनगर क्षेत्रान्तर्गत ताज होटल के निकट बने अंडरपास के पास बारिश से जल भराव होने तथा आने जाने वाले राहगीरों व वाहनों के साथ कुछ अराजकतत्वों द्वारा हुड़दंगई तथा अन्य आपत्तिजनक गतिविधियां किये जाने वाले अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

VIII. थाना मडियांव पुलिस टीम द्वारा शाइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड से सम्बन्धित अभियोग में वांछित 50 हजार रुपये का इनामिया किया गया गिरफ्तार।

IX. थाना पीजीआई पुलिस टीम गुमशुदा युवक के मिले नरकंकाल में हत्या के आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

X. सर्विलांस (डीसीपी पूर्वी) व थाना-पी0जी0आई की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा में 12 शातिर साइबर ठगो को किया गया गिरफ्तार।

XI. थाना सरोजनीनगर पुलिस टीम द्वारा ब्लाइंड मर्डर की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त व 01 नफर सहअभियुक्ता को लूट के माल के साथ किया गया गिरफ्तार ।

XII. थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा टेलीग्राम व अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से लोगों को सट्टा खिलवाने वाले 12 शातिर साइबर अभियुक्तों को गिरफ्तार।

XIII. थाना तालकटोरा पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 03 शातिर चेन स्नैचर / अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार ।

XIV. थाना विभूतिखण्ड की पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए बन्द घरों में घुसकर चोरी करने वाले 05 शातिर चोर/नकबजन व 01 महिला अभियुक्ता गिरफ्तार।

XV. थाना चौक, थाना ठाकुरगंज व सर्विलांस/स्वाट/साइबर टीम श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा एसिड अटैक से सम्बन्धित अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार।

XVI. थाना गाजीपुर की पुलिस टीम द्वारा थाना गाजीपुर क्षेत्रान्तर्गत सेवानिवृत्त आईएएस के घर में घुसकर लूटपाट कर उनकी पत्नी की हत्या कारित करने वाले शातिर हत्यारोपियों को गिरफ्तार।

XVII. साइबर पुलिस टीम द्वारा ए0के0टी0यू0/बैक का फर्जी अधिकारी बनकर बैक में खाता खुलवाकर 120 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी करने वाला फर्जी बैंक अधिकारी/ मुख्य साइबर अपराधी को किया गया गिरफ्तार।

- **गैंगेस्टर एक्ट/ एनएसए के तहत की गई कार्यवाही-**

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शातिर अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट के तहत 49 अभियोग पंजीकृत करते हुए 201 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गैंगेस्टर अधिनियम के तहत अन्तर्गत धारा 14(1) की कार्यवाही करते हुये- 11 वाद दर्ज किये गये, जिसमें गैंगेस्टरों द्वारा अपराधिक गतिविधियों से अर्जित की गयी 01 अरब 09 करोड़ 30 लाख 27 हजार 510 रूपये /- की सम्पत्ति जब्त की गयी । इसके साथ ही गोवध अधिनियम के अन्तर्गत अपराधिक घटना में प्रयुक्त 03 वाहनों को राजकीय पक्ष में अधिहरण किया गया। इसी क्रम में जघन्य अपराध पर नियन्त्रण करने के लिए 02 अपराधियों के विरूद्ध वर्ष 2024 में एनएसए के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की गयी है।

- **पुरूस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही-**

लखनऊ कमिश्नरेट में कुल पुरूस्कार घोषित अभियोग मे 67 अभियुक्तों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए 57 इनाम घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी। 08 अभियुक्त हाजिर आदालत हुए, 02 मृत/मारे गये, इस प्रकार कुल 67 पुरस्कार घोषित अपराधियों पर कार्यवाही की गयी है।

- **ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत की गयी कार्यवाही:-**

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत वर्ष 2024 में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न जोन (पूर्वी, पश्चिमी, मध्य, दक्षिण और उत्तरी) में गंभीर आपराधिक मामलों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के प्रयास किए गए।

इस ऑपरेशन के अंतर्गत कुल 256 गम्भीर मामलों में कुल 329 दोषियों की सजा सुनिश्चित की गई, जिसमें 94 मामले पश्चिमी जोन, 40 मामले पूर्वी जोन, 25 मामले मध्य जोन, 47 मामले उत्तरी जोन और 50 मामले दक्षिणी जोन के हैं।

- **साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्यवाही-**

वर्ष 2024 में साइबर अपराधों से संबधित कुल 123 जालसाज/अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्याययिक हिरासत में भेजा गया व 14 बाल अपचारियों को संरक्षण गृह भेजा गया है। इलेक्ट्रानिक व मैनुअल साक्ष्यों की मदद से गुमशुदा कुल 14 नाबालिक बालकों को सकुशल बरामद करते हुए उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

साइबर फ्राडस्टरों के ठगी/फ्राड के शिकार हुये पीड़ितों के कुल 01 अरब 26 करोड़ 10 लाख रूपये वापस कराये गये हैं। साइबर अपराध में प्रयुक्त 12589 संदिग्ध मोबाइल नम्बरों को बन्द कराते हुये कुल 539 संदिग्ध खातों का सत्यापन किया गया है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया प्लटेफार्म के माध्यम व जनपद के विभिन्न निजी कार्यलयों, स्कूलों के साथ ही आम जनमानस को विभिन्न प्रमुख स्थलों पर कार्यशाला का आयोजन कर साइबर ठगी से बचने के उपाय व सतर्कता के सबंध में जागरूक किया जा रहा है।

- **जघन्य अपराध में की गयी कार्यवाही-**

वर्ष 2024 में जघन्य अपराधिक घटनाओं में त्वरित अनावरण करते हुये डकैती का 01 अभियोग में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुये शत प्रतिशत बरामदगी की गयी। लूट के कुल 14 अभियोग विभिन्न थानों पर पंजीकृत किये गये। जिनमें से कुल 13 अभियोगों का सफल अनावरण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में जनपद में हत्या के कुल 94 पंजीकृत अभियोगो में से कुल 93 का सफल अनावरण किया जा चुका है।

- **यातायात सम्बन्धी समस्याओं का निवारण-**

लखनऊ पुलिस द्वारा ट्रैफिक को सुचारू व सुगम रूप से चलाने हेतु लखनऊ में विभिन्न मार्गो पर लगने वाले जाम इत्यादि को समाप्त किये जाने हेतु यातायात पुलिस/सिविल पुलिस द्वारा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर अवैध ऑटो/टैम्पों/बस स्टैण्डों के विरूद्ध कार्यवाही,यातायात नियमो का पालन न करने वाले वाहनो के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुये, यातायात में सुधार के लिए कुछ स्थानों पर विगत दिनों नवीनतम प्रयोग यथा आईटी चौराहे स्मृति वाटिका, निशातगंज पुल व वारलेस चौराहा के पास जाम से निवारण हेतु ट्रैफिक बैरियर लगाकर काफी हद तक यातायात में सुधार किया गया।

इसके अतिरिक्त जनपद के सीमावर्ती प्रमुख स्थानों पर टैफिक पुलिस द्वारा अन्य जनपदों से आने वाले वाहनों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रतिदिन ड्यूटी लगायी जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमो का पालन न करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार ई-चालान/सीजर की कार्यवाही करते हुये माह जनवरी से अब तक 10,04,641 वाहनों का चालान व कुल 2,810 वाहनों को सीज किया गया है।

## "लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की वर्ष 2024 में अद्वितीय उपलब्धियाँ: सुरक्षा और शांति की नई परिभाषा"

- **लखनऊ पुलिस ने 2024 में कानूनव्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया-**
- **सभी प्रमुख धार्मिक त्योहार और आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए**
- **श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का सफल एवं सुरक्षित प्रबंधन**
- **लोकसभा चुनाव के दौरान अचूक कानून व्यवस्था**
- **10 लाख से अधिक चालान और 6.82 करोड़ रुपये का शमन शुल्क वसूला**
- **125 धरनाप्रदर्शनों का कुशल और शांतिपूर्ण प्रबंधन- करते हुये सम्पन्न कराया गया**
- **07 आइपीएल मैच, यूपी टी-20 लीग, ईरानी कप जैसे राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन**
- **अंतर्राष्ट्रीय आयोजन- एग्रो टेक इंडिया में विदेशी मेहमानों की सुरक्षा**
- **52 फिल्मों की शूटिंग के लिए सुगम व्यवस्था और सुरक्षा प्रदान की**
- **67 इनामिया अपराधियों की हुई गिरफ्तारी, 02 मुठभेड़ में ढेर**
- **साइबर अपराधियों पर कार्यवाही करते हुये 01 अरब 26 करोड़ 10 लाख रुपये वापस कराए**
- **123 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर नकेल कसी**

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने वर्ष 2024 में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और निष्पक्षता के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियाँ हासिल करते हुए उत्कृष्टता की मिसाल पेश की। पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र सिंह सेंगर के प्रभावी नेतृत्व और टीम के अडिग समर्पण ने हर चुनौती का सफलता से सामना किया। यह वर्ष कमिश्नरेट की कर्तव्यनिष्ठा, प्रतिबद्धता और जनता की सेवा में निस्वार्थ प्रयासों का साक्षी रहा। 13 जनवरी को पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ अपनी स्थापना दिवस की वर्षगांठ कुछ और नये संकल्पों के साथ मनाने जा रहा है।

- **त्योहारों और आयोजनों में सुरक्षा का उत्कृष्ट प्रबंधन**

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने मकर संक्रांति, होली, ईद-उल-फितर, बकरीद, दशहरा, दीपावली, छठ जैसे प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। श्रावण माह में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए, जिसमें सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों की तैनाती शामिल थी।

- **विशेष आयोजनों में सुरक्षा और समर्पण**

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा जैसे ऐतिहासिक कार्यक्रम में लखनऊ पुलिस ने अतिथियों की सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में शानदार कार्य किया। इसके अलावा, मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार की उपस्थिति में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी और अंतरराष्ट्रीय एग्रो टेक इंडिया 2024 जैसे बड़े आयोजनों में विदेशी मेहमानों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई।

- **लोकसभा चुनाव 2024 का शांतिपूर्ण संचालन**

लोकसभा चुनावों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने नामांकन, मतदान और मतगणना को निष्पक्षता और सुचिता के साथ संपन्न कराया। रोड शो, रैलियों, और नुक्कड़ सभाओं के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती से किसी भी अप्रिय घटना को टालने में सफलता मिली।

- **सड़क सुरक्षा और यातायात में सुधार**

वर्ष 2024 में, लखनऊ पुलिस ने 10 लाख से अधिक चालान जारी किए और 6.82 करोड़ रुपये का शमन शुल्क वसूल किया। इसके साथ ही लखनऊ पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो व स्कूलों आदि में कार्यशाला का आयोजन कर आम-जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

- **धरना-प्रदर्शन का शांतिपूर्ण प्रबंधन**

वर्ष 2024 में जनपद में हुये 125 से अधिक धरना-प्रदर्शनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराते हुए लखनऊ पुलिस ने कानून-व्यवस्था को बनाए रखा। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता और संवाद ने पुलिस की कुशलता को दर्शाया।

- **धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहयोग**

महापुरुषों की जयंती, दीपावली, राम जन्मभूमि कार्यक्रम, और अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के लिए पुलिस ने सुगम व्यवस्था प्रदान की। 52 फिल्मों की शूटिंग और 1,068 ऑनलाइन अनुमति का कुशल प्रबंधन भी लखनऊ पुलिस की उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचायक है।

- **अन्तर्राष्ट्रीय/अन्तर्राज्यीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन**

बीसीसीआई द्वारा आयोजित 07 आइपीएल मैच, यूपी टी-20 सीजन 2, बीसीसीआई द्वारा इरानी कप का आयोजन, केडीसिंह बाबू स्टेडियम में मोहन बागान बनाम ईस्ट बंगाल के बीच फुटबाल मैच में भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ ने पूरे सुरक्षित माहौल में खेलों का लुत्फ उठाया।

- **वीवीआईपी मूवमेंट और प्रतियोगी परीक्षाएं**

वर्ष भर में 14196 वीवीआईपी मूवमेंट राजधानी क्षेत्र में हुए, जिनमें प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन करते हुए सभी दौरे सफल रहे। साल भर में 37 प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन पूरी सुचिता पूर्ण ढंग से किया गया। जिसमें उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा और उप्र लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं प्रमुख रहीं। संघ लोक सेवा आयोग/लोक सेवा सेवा आयोग/कर्मचारी चयन/एनटीए/ विभिन्न बैंको, संस्थानों द्वारा पूरे साल 150 परीक्षाओं का आयोजन किया गया।

- **संगठित अपराध पर नियंत्रण और महिला सुरक्षा में सराहनीय प्रयास**

कमिश्नरेट लखनऊ ने संगठित अपराध जैसे जुआ, सट्टा, और नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 100 पिंक बूथ, 100 पिंक पेट्रोल स्कूटी, 09 टीयूवी और महिला गश्ती दलों का गठन किया गया। एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला हेल्प डेस्क जैसी योजनाओं ने महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थलों को सुरक्षित बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिशन शक्ति अभियान के तहत, महिलाओं और छात्राओं के साथ छेड़खानी और अभद्रता रोकने में उल्लेखनीय सफलता मिली।

- **डिजिटल और आधुनिक पुलिसिंग**

कमिश्नरेट ने डिजिटल युग को अपनाते हुए ऑनलाइन सत्यापन प्रक्रिया शुरू की, जिससे चरित्र सत्यापन में लगने वाला समय 2-3 महीने से घटकर मात्र 15 दिन रह गया। पॉलीगान और जियो-टैगिंग जैसी तकनीकी पहल ने अपराध नियंत्रण और गश्त में सुधार किया। 206 बीट क्षेत्रों की 24x7 निगरानी ने पुलिसिंग को अधिक सटीक और प्रभावी बनाया।

- **साइबर ठगी के शिकार हुये पीड़ितों के 01 अरब 22 करोड़ 79 लाख रुपये वापस कराये गये।**

जनपद लखनऊ के वर्ष 2024 में साइबर अपराध में कुल 1407 अभियोग पंजीकृत हुये,जिसमें थाना साइबर क्राइम व साइबर क्राइम सेल द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुये कुल 123 साइबर जालसाजों/ठगो की गिरफ्तारी करते हुये 01 अरब 22 करोड़ 79 लाख रुपये वापस कराये गये एवं लगभग 21 करोड़ 23 लाख रुपये फ्रीज कराये गये। कुल 1473 से अधिक फर्जी सोशल आईडी बन्द कराते हुये, सामाजिक सद्भाव बिगाडने वाले 612 पोस्ट हटवाये गये, इसके साथ ही करीब 14 फर्जी लोन एप को प्ले स्टोर से हटवाया गया।

- **सड़क पर अपराध में कमी और यातायात सुधार**

पुलिस कमिश्नरेट द्वारा ऑपरेशन कार-ओ-बार जैसे अभियानों से सार्वजनिक स्थानों पर मदिरा सेवन और छेड़खानी जैसी समस्याओं का समाधान किया गया। यातायात के सुधार के लिए सड़क पर जाम की स्थिति में कमी लाने हेतु ठोस उपाय किए गए।

- **वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'सवेरा' योजना**

ऑपरेशन सवेरा के तहत घर-घर जाकर वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित कर व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर हल करने व नागरिकों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना।

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की योजनाबद्ध रणनीतियों और समर्पण ने लखनऊ को न केवल सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाया, बल्कि यह अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना। पुलिस आयुक्त, श्री अमरेन्द्र सिंह सेंगर के नेतृत्व में वर्ष 2024 की उपरोक्त उपलब्धियां लखनऊ पुलिस की उत्कृष्टता और समर्पण को प्रतिबिंबित करती हैं।

13 जनवरी को होने वाली वर्षगांठ के इस मौके पर लखनऊ पुलिस अपनी इन उपलब्धियों के साथ एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और हर किसी को न्याय दिलाने के लिए कमिश्नरेट की जनोन्मुखी पुलिस हर क्षण तत्पर है, काफी कुछ सुधार हो चुका है और बहुत कुछ बेहतर करने के लिये निरंतर प्रयास जारी हैं, ताकि नागरिक शहर में रहने में स्वयं को सुरक्षित व पुलिस को देखकर गर्व का एहसास करें।




पंचम स्थापना
कमिश्नरेट


पंचम स्थापना दिवस
पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ
रिजर्व पुलिस
लखनऊ


पंचम स्थापना दिवस









| |
|---|
| **दिनांक 12.01.2025** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 20/2025** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद औरैया/थाना कोतवाली औरैया</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 12.01.2025 को थाना कोतवाली औरैया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नहर पुल के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त राजदीप घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद औरैया के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 20 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली औरैया पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली औरैया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—राजदीप निवासी पातेपुर थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

**जनपद सहारनपुर/थाना मण्डी**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 20 हजार 710 रूपये नगद**
- **लूट के पीली धातू (4 किलो 439 ग्राम)–सफेद धातू (10 किलो 140 ग्राम) के आभूषण, 01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन**
- **02 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 11.01.2025 को थाना मण्डी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आम के बाग से 03 अभियुक्तों 1–मसूद उर्फ डा0 महबूब 2–अमित उर्फ सोनू 3–शान अली को गिरफ्तार कर हत्या सहित लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 20 हजार 710 रूपये नगद, लूट के पीली धातू (4 किलो 439 ग्राम)–सफेद धातू (10 किलो 140 ग्राम) के आभूषण, 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन, 02 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.01.2025 को थाना मण्डी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या सहित लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मण्डी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे, गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मण्डी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मसूद उर्फ डा0 महबूब निवासी लक्ष्मण नगर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

2–अमित उर्फ सोनू निवासी शारदा नगर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

3–शान अली निवासी आनन्द नगर थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 20 हजार 710 रूपये नगद।

2–लूट के पीली धातू (4 किलो 439 ग्राम)–सफेद धातू (10 किलो 140 ग्राम) के आभूषण, 01 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन।

4–02 दो पहिया वाहन आदि।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली नगर**

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 11/12.01.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खालसा तिराहा के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त शानू उर्फ नन्हे घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बदायूँ, बुलन्दशहर व दिल्ली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शानू उर्फ नन्हे निवासी ग्राम उझाती थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 मोटर साइकिल।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना अरनिया**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के माल सहित कैंटर**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार आदि बरामद**

दिनांक 11/12.01.2025 को थाना अरनिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ईशनपुर फ्लाई ओवर के पास से 04 अभियुक्तों 1—नईम 2—सलमान 3—शहरियाब 4—असलम को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के माल (11 टन लहसुन) सहित कैंटर, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.01.2025 को थाना अरनिया क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद माल (11 टन लहसुन) सहित कैंटर उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना अरनिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–नईम निवासी हावल थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।

2–सलमान निवासी मादापुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।

3–शहरियाब निवासी मादापुर थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।

4–असलम निवासी वीरमपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट का माल (11 टन लहसुन) सहित कैंटर।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 स्विफ्ट कार आदि।

## एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट गोरखपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 करोड़ 85 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 07 कुन्तल 70 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **16 हजार 680 रूपये नगद**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 ट्रक आदि बरामद**

दिनांक 12.01.2025 को एएनटीएफ थाना गोरखपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नेशनल हाईवे कस्बा व थाना खागा जनपद फतेहपुर से 02 अभियुक्तों 1–रचपाल 2–सोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 करोड़ 85 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 07 कुन्तल 70 किलोग्राम अवैध गांजा, 16 हजार 680 रूपये नगद, 02 मोबाइल फोन, 01 ट्रक आदि बरामद हुए.

इस सम्बन्ध में थाना खागा जनपद फतेहपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रचपाल निवासी बरीला खुर्द थाना कलानौर जनपद गुरदासपुर पंजाब।

2—सोनू निवासी बरीला खुर्द थाना कलानौर जनपद गुरदासपुर पंजाब।

**बरामदगी**

1—लगभग 03 करोड़ 85 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 07 कुन्तल 70 किलोग्राम अवैध गांजा।

2—16 हजार 680 रूपये नगद।

3—02 मोबाइल फोन।

4—01 ट्रक आदि।

**जनपद बांदा/थाना बबेरू**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 09 मोटर साइकिल**
- **चोरी की 05 मोटर साइकिल की चेचिंस**
- **भारी मात्रा में मोटर साइकिल के पार्टस आदि बरामद**

दिनांक 11/12.01.2025 को थाना बबेरू पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर औगासी रोड बिसराखेर के पास से 03 अभियुक्तों 1—अभिषेक 2—ज्ञानेन्द्र उर्फ दद्दू 3—रामकरन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 09 मोटर साइकिल, चोरी की 05 मोटर साइकिल की चेचिंस, भारी मात्रा में मोटर साइकिल के पार्टस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बबेरू पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अभिषेक निवासी गुजैनी थाना मरका जनपद बांदा।

2—ज्ञानेन्द्र उर्फ दद्दू निवासी लोहदा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट।

3–रामकरन निवासी तिन्दवारी रोड थाना बबेरू जनपद बांदा।

**बरामदगी**

1–चोरी की 09 मोटर साइकिल।

2–चोरी की 05 मोटर साइकिल की चेचिंस।

3–भारी मात्रा में मोटर साइकिल के पार्टस आदि।

## जनपद मेरठ/थाना सरूरपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 12.01.2025 को थाना सरूरपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बरनावा पुल के पास चेकिंग के दौरान बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त इस्तकार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत व कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 33 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सरूरपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इस्तकार निवासी कस्बा खिवाई वार्ड नं0–2 थाना सरूरपुर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**एस0टीएफ0–जनपद प्रतापगढ़ से रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त शमशाद पुत्र मुस्तफा उर्फ कुचुरी गिरफ्तार।**

दिनांकः 12–01–2025 को एस0टीएफ0 उत्तर प्रदेश को थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ पंजीकृत मु0अ0सं0 135/24 धारा 310(2), 317(3), 217, 318(4), 61(2) बी0एन0एस में वांछित रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अपराधी शमशाद पुत्र मुस्तफा उर्फ कुचुरी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

शमशाद पुत्र मुस्तफा उर्फ कुचुरी निवासी मुनी का पुरवा, थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ हाल पता पूर्वी सहोदरपुर थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ।

**गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय–**

दिनांक 12–01–2025 को समय लगभग 10:30 बजे दोहरी चौराहा इटवा नहर के पास जनपद प्रतापगढ़।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 लखनऊ द्वारा वांछित एवं पुरस्कार घोषित सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एस0टी0एफ0 उ0प्र0 की विभिन्न टीमों/फील्ड इकाईयों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में श्री दिनेष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0, लखनऊ के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 श्री राहुल परमार व आरक्षी सत्यम यादव द्वारा पुरस्कार घोषित फरार अपराधियो के सम्बन्ध में सूचना संकलन की जा रही थी।

अभिसूचना संकलन के क्रम में एसटीएफ यूनिट, कानपुर, जनपद प्रतापगढ़ में भ्रमणषील थी। इस दौरान सूचना मिली कि थाना दिलीपपुर, प्रतापगढ में पंजीकृत मु0अ0सं0 135/24 में वांछित रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अपराधी शमशाद पुत्र मुस्तफा उर्फ कुचुरी दोहरी चौराहा इटवा नहर के पास, जनपद प्रतापगढ़ में किसी से मिलने वाला है एवं मुम्बई भागने की फिराक में है। प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एसटीएफ टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहुॅचकर अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त शमशाद पुत्र मुस्तफा उर्फ कुचुरी ने पूछताछ पर बताया कि वह ट्रक ड्राइवरी का कार्य करता है। उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनॉक 21–07–2024 को 600 बोरी गेंहूँ लदा ट्रक लूट लिया था। ट्रक में लोड गेंहूँ को जनपद जौनपुर में छिपा दिया था एवं ट्रक को फतनपुर में लावारिस हालत में छोड़कर भाग गया था। स्थानीय पुलिस द्वारा मुदकमें का अनावरण किया गया एवं माल बरामद करते हुये घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया था। यह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये भागकर मुम्बई चला गया था। जहॉ पर ओला टैक्सी चलाने का काम करने लगा था। कुछ दिन पूर्व ही अपने किसी रिश्तेदार से मिलने आया था तथा आज मुम्बई जाने वाला था।

अभियुक्त शमशाद को थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ से पंजीकृत मु0अ0सं0 135/24 धारा 310(2)/317(3)/217/318(4)/61(2) बी0एन0एस दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ द्वारा की जा रही है।

**<u>अभियुक्त शमशाद का ज्ञात आपराधिक इतिहास</u>**

1. मु0अ0सं0 84/15 धारा 147, 148, 149, 452, 323, 504, 506, 307, 308, 394 भा0द0वि0 थाना रानीगंज, जनपद प्रतापगढ।
2. मु0अ0सं0 223/15 धारा 147, 148, 149, 452, 323, 504, 506, 427, 308, 354क भा0द0वि0 व 3(1)10 एस0सी0एस0टी0 एक्ट थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।
3. मु0अ0सं0–579/2021 धारा 323, 452, 504, 354 क भा0द0वि0 थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़।
4. मु0अ0सं0 135/24 धारा 310(2), 317(3), 217, 318(4), 61(2) बी0एन0एस0 थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़।

————